## एक नजर में

### डॉ. वैष्णव की 44 वीं पुण्यतिथि मनाई

**कुरावर 15 फरवरी, सं.** गांव को नगरी रूप में देखने वाले जन-जन के सेवक डॉ रामदास वैष्णव की 44 वी पुण्यतिथी मेन मार्केट डॉ रामदास व चौराहा पर मनाई गई जहां उनकी प्रतिमा को स्नान कराकर फूल माला से सजाया गया और उपस्थित जनों ने डॉक्टर रामदास वैष्णव के जीवन पर प्रकाश डाला आज जो कुरावर का स्वरूप है वह डॉक्टर रामदास का सपना था इस संदर्भ में उन्होंने रचनात्मक कार्य किया किंतु उनका कार्यकाल दुर्भाग्यवश ज्यादा नहीं रह पाया और वह दुर्घटना के शिकार हो गए. उनकी पुण्यतिथि मनाने वालों में कैलाश राज बाला प्रसाद चंद्रवंशी घनश्याम गर्ग शिव बक्श दला दीपक जागीरदार सुनील राज सुदर्शन चौधरी जुगल जाम लिया मुन्ना शर्मा लल्ला शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे.

### 201 की जांच, 41 मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित

**छापीहेड़ा 15 फरवरी, सं.** समीपस्थ पाठे श्वर महादेव मंदिर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर रविवार की सुबह 11 बजे से स्वर्गीय श्री शिव सिंह जी चौहान की पुण्य स्मृति में निशुल्क नेत्र जांच और मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया. इस शिविर में कुल 201 लोगों की आंखों की जांच की गई, जिनमें से 41 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया. शिविर के दौरान 18 लोगों को निशुल्क चश्मा और 22 लोगों को आवश्यक दवाएं भी वितरित की गईं. श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट, आनंदपुर के डॉक्टरों ने मरीजों की जांच की और उन्हें उचित परामर्श दिया. डॉक्टरों ने बताया कि समय पर जांच और इलाज से नेत्र रोगियों की रोशनी सुरक्षित रखी जा सकती है. शिविर का उद्घाटन गुरुदेव संत श्री महेशानंद जी महाराज के द्वारा स्वर्गीय शिव जी चौहान के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया गया. आयोजकों ने इस पहल को सामाजिक सेवा का एक महत्वपूर्ण कदम बताया. इस अवसर पर उदय सिंह चौहान, लक्ष्मीनारायण चौहान, महेंद्र सिंह चौहान, रामबाबू चौहान, राधेश्याम नागर, मुकेश प्रजापति आदि उपस्थित रहे. इनमें सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट, आनंदपुर के डॉ. प्रद्युमन शर्मा, डॉ. बाल कृष्ण राव, डॉ लखन शर्मा, डॉ जितेंद्र जादौन प्रमुख थे.

### कैसा भी संकट हो भगवान भक्ति नहीं छोड़ें

**जीरापुर 15 फरवरी, सं.** नगर के अटल चौक में आयोजित श्री शिवमहापुराण कथा में पंडित अनुराग कृष्ण जी महाराज ने बताया कि भगवान शिव की परम भक्त अपाला थी, जिस को जन्म से चर्म रोग था फिर भी उसने शिव की भक्ति नहीं छोड़ी, इंद्र ने भगवान शिव से पूछा कि प्रभु अपाला आप की परम भक्त है उसको इतना दुख क्यों तब भगवान शिव ने कहा कि इसने पूर्व जन्म में मेरा ओर मेरे भक्त का अपमान किया इसलिए इसको इस जन्म में ये रोग मिला तब भगवान ने इंद्र के साथ नंदी को अपाला के पास भेजा और शिव का चढ़ा हुआ जल अपाला के ऊपर छिड़का उससे उसका चर्म रोग समाप्त हुआ. कथा के माध्यम से कहा कि जीवन में कितना भी दुख संकट आ जावे लेकिन भगवान का मार्ग नहीं छोड़े हमे भगवान की भक्ति नहीं छोड़नी चाहिए और कभी भी हमे शिव एवं शिव भक्त का अपमान नहीं करना चाहिए. शिव भोलेनाथ की एक लोटा जल से सेवा हो जाती है उससे ही भोलेनाथ प्रसन्न होकर आप पर कृपा करते हैं.

# करोड़ों से बन रहे भवन में स्टॉफ की कमी

## शासकीय कॉलेज में नवीन भवन के ऊपरी तल पर 3 करोड़ से अधिक की लागत से कक्ष, स्टॉफ रूम बनेंगे

**शासकीय कॉलेज के नवीन भवन के ऊपरी तल पर हो रहा 3 करोड़ से निर्माण कक्ष निर्माण होने से अध्यापन कार्य में सुविधा होगी, किंतु स्टॉफ कम होने से शैक्षणिक कार्य प्रभावित**



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 15 फरवरी, का. स्थानीय शासकीय कॉलेज परिसर में निर्मित नवीन भवन के ऊपरी तल पर भी निर्माण कार्य चल रहा है. ऊपरी तल पर 3 करोड़ से अधिक की लागत से कक्ष, स्टॉफ रुम आदि बनाएं जाएंगे. इससे अध्यापन कार्य में सुविधा हो सकेगी किंतु शासकीय कॉलेज में स्थाई स्टॉफ की संख्या आधे से भी कम होने के कारण विद्यार्थियों की पढ़ाई अवश्य प्रभावित हो रही है.**

विदित है कि स्थानीय राजगढ़ रोड पर शासकीय कॉलेज में कुछ माह पूर्व नवीन भवन बनकर तैयार हुआ है जिसमें कक्षाएं संचालित की जाती है. अब इस भवन के ऊपरी तल पर भी 3 करोड़ 14 लाख की लागत से बनने वाले भवन का निर्माण कार्य चल रहा है.

### स्टॉफ की कमी से बराबर करा रहे अवगत

शासकीय कॉलेज में स्वीकृत स्थाई पदों में लगभग आधे पद रिक्त है, कॉलेज प्रबंधन द्वारा योग्यता रखने वाले अतिथि विद्वानों को रखा गया है जिनके द्वारा बेहतर तरीके से अध्यापन कार्य कराया जा रहा है किंतु स्थाई स्टॉफ की कमी का असर कहीं न कहीं शैक्षणिक कार्य पर होना स्वाभाविक है. कॉलेज प्रबंधन के अनुसार स्टॉफ की कमी को लेकर समय-समय पर वरिष्ठ कार्यालय को अवगत कराया जा रहा है.

### 6 कक्ष, 2 स्टॉफ रूम बनेंगे

कॉलेज के पुराने गेट से प्रवेश करते समय पुराने भवन के समीप मौजूद नवीन भवन के ऊपरी तल पर 6 कक्ष और 2 स्टॉफ रुम तथा लेटबॉथ आदि का निर्माण किया जा रहा है. कक्ष बनने से अध्यापन कार्य में काफी सुविधा अवश्य होगी किंतु स्टॉफ की कमी के चलते मुख्य पढ़ाई कार्य पर इसका असर हो रहा है. प्राचार्य आर.के. गुप्ता के अनुसार लगभग 3.14 करोड़ की लागत से शासकीय कॉलेज के नवीन भवन के ऊपरी तल पर निर्माण कार्य चल रहा है. कक्ष निर्माण होने से अध्यापन कार्य में सुविधा होगी. स्थाई स्टॉफ के रिक्त पदों पर अतिथि विद्वानों को रखा गया है. जिनके द्वारा अध्यापन कार्य कराया जा रहा है.

### स्थाई स्टॉफ 28 में से मात्र 13 ही

शासकीय कॉलेज में विभिन्न विषयों के लिए 28 प्रोफेसर के पद स्वीकृत है जिनमें वर्तमान में 13 ही पद भरे हुए है. शेष 15 पद रिक्त है जिनमें से 14 पर अतिथि विद्वान है. जूलॉजी विषय में पद अभी रिक्त ही है. ऐसे में विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होना स्वाभाविक है. शासन द्वारा भले ही एक तरफ लाखों, करोड़ों की लागत से भवन, संसाधन, सुविधाएं प्रदान की जा रही है परन्तु जब पढ़ाने वालों की ही कमी होगी तो फिर सुचारु अध्यापन कैसे संभव होगा.



# पुलिस को देख भाग रहे आरोपियों से 8 लाख की स्मैक बरामद

नवभारत न्यूज

**बोड़ा 15 फरवरी, सं.** मादक पदार्थ (स्मैक, गांजा) के विरुद्ध सतत अभियान चलाया जा रहा है. इसी कड़ी में बीते दिन उनि राहुल सेंधव द्वारा थाना बोडा बल के साथ गुलखेड़ी जोड़ पर वाहन चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति पचोर की ओर से आते दिखाई दिए. जो पुलिस को देखकर भागने लगे. पुलिस टीम द्वारा तत्परता से घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया गया. पूछताछ में संतोषजनक जवाब नहीं देने पर तलाशी ली गई, जिसमें सुनील पिता वंशीलाल वैरवा, उम्र 21 वर्ष, निवासी अकलेरा, जिला झालावाड़ (राजस्थान), संतोष पिता हजारीलाल सासी, उम्र 36 वर्ष, निवासी ग्राम गुलखेड़ी के कब्जे से उनकी पैंट की जेब से एक-एक पुड़िया अवैध स्मैक बरामद हुई. कुल 60 ग्राम अवैध स्मैक एवं घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल जप्त की गई. बरामद मशरुका की अनुमानित कीमत लगभग 8 लाख (आठ लाख रुपये) है.

दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध अपराध क्रमांक 47/2026 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है. आरोपियों से मादक पदार्थ के स्त्रोत एवं अन्य संलिप्त व्यक्तियों के संबंध में पूछताछ जारी है तथा माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है. कार्यवाही में थाना प्रभारी बोडा उनि देवेन्द्र सिंह राजपूत, उनि राहुल सेंधव, सउनि मांगीलाल शिवहरे, कपिल अटारिया, मुलायम सिंह यादव, दुष्यंत जाट, विनोद एवं आरक्षक 14 महेश राजपूत का विशेष योगदान रहा.

# शिव बारात में शामिल हुए सैकड़ों श्रद्धालु



नवभारत न्यूज

**पचोर 15 फरवरी, सं.** श्री राम भक्त हनुमान मंदिर से पूजार्चना के साथ भगवान श्री बाबा विश्वनाथ की बारात निकली. शिवालयों का आकर्षक श्रंगार हुआ भक्तों की भीड़ सभी शिवालय पर लगी रही. नगर के सभी शिवालयों पर महाशिवरात्रि के पावन शुभ अवसर पर मंदिरों की आकर्षक साज सज्जा की गई वही भगवान भोलेनाथ को श्रद्धापूर्वक विधि विधान से नगर के सभी शिवालयों पर ब्रह्म मुहूर्त में बाबा विश्वनाथ का अभिषेक पूजन किया गया. बाबा विश्वनाथ का सभी शिवालयों पर आकर्षक श्रंगार किया गया रात्रि तक शिवालयों पर दर्शनार्थियों की भीड़ लगी रही वही नगर के प्राचीन बाबा विश्वनाथ शिवालय पर आकर्षक श्रृंगार बाबा विश्वनाथ का किया गया. शाम 7 श्री भोजपुरिया हनुमान मंदिर पर सांसद श्री रोडमल नागर द्वारा पूजा अर्चना की गई पूजा अर्चना के पश्चात बारात का प्रस्थान हुआ बारात का नगर में जगह नागरिकों ने श्रद्धा भक्ति के साथ बाबा विश्वनाथ के विग्रह का पूजार्चन कर पुण्य प्राप्त किया.

बारात में सांसद श्री रोडमल नागर नगर परिषद अध्यक्ष विकास करोड़िया भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास दीक्षित शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित बंसल रघुराज राणा अमित जाट संतोष अग्रवाल दीपक गोयल महेश मालवीय सीताराम लहरी हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष मयंक सक्सेना राजेंद्र सिंह जाट अरुण विजयवर्गीय, संजय दीक्षित पुरुषोत्तम वैष्णव मनीष यादव यादव उत्तम सिंह मकवाना मनमोहन गुरगेला कमल सक्सेना लक्ष्मी नारायण गहलोत जगदीश वर्मा रामेश्वर शर्मा मुकेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमानी नागरिक जनप्रतिनिधि श्रद्धालु भक्तजन बारात में उपस्थित रहे.

# आज और कल बंद रहेगी मंडी

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 15 फरवरी, का.** आज और कल स्थानीय कृषि उपज मंडी में अवकाश रहेगा. गौरतलब है कि 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व होने से मंडी में अवकाश रहा. आज सोमवार साप्ताहिक अवकाश तथा कल मंगलवार को अमावस्या होने के कारण मंडी में नीलामी कार्य बंद रहेगा. मंडी प्रबंधन द्वारा किसान भाईयो से आज और कल अवकाश के चलते मंडी में विक्रय हेतु उपज नहीं लाने का आग्रह किया गया है.

# एसपी ने की थाने में लगे कैमरे से मॉनिटरिंग, रूट मार्गों का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 15 फरवरी, सं.** महाशिवरात्रि पर्व पर शहर में निकाली गई शिव बारात के मार्गों का पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने निरीक्षण किया. उन्होंने शहर के तिलभांडेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया. अधिकारियों ने मंदिर प्रशासन और पुजारियों से मुलाकात की. इस दौरान महाशिवरात्रि पर्व पर आने वाले दर्शनार्थियों की सुविधाओं को लेकर चर्चा की गई और सुविधाजनक दर्शन के लिए आवश्यक सुझाव लिए गए. श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन और दर्शन के लिए मार्गों का भ्रमण किया गया. यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित बनाए रखने हेतु डायवर्जन के लिए भी निर्देश दिए गए, ताकि भीड़भाड़ से बचा जा सके. पुलिस एसडीओपी अरविंद सिंह ने बताया कि शिवालयों और मंदिरों पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है. यह सुनिश्चित किया जाएगा कि आगामी पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो. वही थाना प्रभारी को निर्देश दिए गए कि शहर में आने वाले दर्शनार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाए. साथ ही यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित रखने के लिए निरीक्षक आकांक्षा हाड़ा को निर्देशित किया गया. निरीक्षण के एसआई अमित त्यागी, दीपक परमार, दीपक रघुवंशी, शिव दांगी सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारीगण मौजूद रहे.




# ट्रैक्टर की टक्कर से बालिका का निधन

## घर के बाहर खेल रही मासूम को ट्रेक्टर ने चपेट में लिया
## चारखेड़ी गांव में रविवार को सुबह हुई घटना

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 15 फरवरी, का.** सिटी थानांतर्गत ग्राम चारखेड़ी में रविवार की सुबह ट्रेक्टर ने घर के बाहर खेल रही एक बालिका को अपनी चपेट में ले लिया. घटना में बालिका का दु:खद निधन हो गया. पुलिस के अनुसार घटना में घर के बाहर खेल रही 13 माह की मासूम बच्ची को तेज रफ्तार ट्रेक्टर ने टक्कर मार दी. गंभीर घायल बच्ची को परिजन तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. जानकारी के अनुसार ग्राम चारखेड़ी निवासी महाराज सिंह मीना की 13 महीने की पुत्री दिव्या सुबह घर के बाहर आंगन के पास खेल रही थी. इसी दौरान बांकपुरा से खांकरा तेजा की ओर जा रहे ट्रेक्टर ने बच्ची को अपनी चपेट में ले लिया. हादसे से गांव में अफरा-तफरी मच गई. जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. घटना से गांव में गहरा शोक व्याप्त हो गया.





# प्रतिष्ठापना दिवस पर पालकी संग निकली शोभायात्रा

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 15 फरवरी, का. नगर में स्थित श्री मुनिसुव्रत नाथ जिनालय के 15 वें प्रतिष्ठापना दिवस पर जैन समाज द्वारा नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई. जिले के विभिन्न नगरों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए.**

पीटी कंपनी स्थित जिनालय परिसर से शोभायात्रा प्रारंभ हुई. भगवान श्री आदिनाथ स्वामी की पालकी, जिन ध्वज और विशेष बैंड की धुनों के साथ यात्रा बम बम आश्रम नागर मोहल्ला, जय स्तंभ चौराहा निचला बाजार, रानी झांसी चौराहा, गुड़ बाजार, कोतवाली रोड होते हुए वापस जिनालय पहुंची.


### कलशाभिषेक, शांतिधारा के आयोजन हुए

शोभायात्रा के समापन पर जिनालय में भगवान का विशेष कलशाभिषेक, शांतिधारा और पूजन संपन्न हुआ. इस अवसर पर सौधर्म, ईशान, सनतकुमार और माहेंद्र इंद्र के पात्रों सहित वृहद शांतिधारा हेतु बोलियां लगाई गई, जिनमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. आयोजन में पचोर, सुसनेर, ब्यावरा, जीरापुर, करनवास, बीनागंज, चाचौड़ा सहित अनेक स्थानों से आये श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही. उल्लेखनीय है कि जिनालय की स्थापना के 14 वर्ष पूर्ण हो चुके है. वर्ष 2012 में 10 से 15 फरवरी तक आयोजित छ: दिवसीय श्री मज्जिनेंद्र पंच कल्याणक गजरथ महोत्सव एवं वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत नवनिर्मित जिनालय में भगवान 1008 श्री मुनिसुव्रत नाथ स्वामी सहित अन्य जिन बिंबों की विधिवत स्थापना की गई थी.

**अनदेखी ▶ अंजनीलाल मंदिर मार्ग से होकर जाता है कई गांवों का मुख्य मार्ग**

# मुख्य मार्ग की बदहाली से राहगीर परेशान

**गायत्री मंदिर से दो सौ के बंधे तक बुरी तरह उखड़ी सड़क**



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 15 फरवरी, का. स्थानीय अंजनीलाल मंदिर मार्ग के जर्जर अवस्था में होने से श्रद्धालुओं, राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है.**

गौरतलब है कि स्थानीय इंदौर नाका स्थित गायत्री मंदिर के यहां से अंजनीलाल मंदिर मार्ग है, यही रास्ता आगे कई गांवों तक जाता है, किंतु गायत्री मंदिर से दो सौ के बंधा तक रास्ता काफी जीर्णशीर्ण अवस्था में होने के कारण पैदल राहगीरों, दुपहिया वाहन चालकों को आवागमन में बहुत अधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है. अधिकांश जगह मार्ग काफी जीर्णशीर्ण अवस्था में होने से आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है.

**उखड़े मार्ग पर मचा रहता पानी, कीचड़-** उखड़े मार्ग पर काफी पानी भरा होकर कीचड़ मचा रहता है, जिससे परेशानी और अधिक होती है. अंजनीलाल मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं, राहगीरों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है. वाहनों के पहिए से पानी, कीचड़ उछटने से पैदल राहगीरों का आना-जाना भी मुश्किल होता है. कीचड़ से दुपहिया वाहनों के फिसलने, दुर्घटना होने का डर बना रहता है.

### बस स्टैंड से कंवर जी महाराज तक 4 महीने पूर्व किए गए सीसी रोड में पड़ गई लंबी-लंबी दरें दरारें फटने लगा रोड

**नवभारत न्यूज, खिलचीपुर 15 फरवरी, सं.** बस स्टैंड से कंवर जी महाराज मंदिर तक सीसी निर्माण नपा के द्वारा चार माह पूर्व करवाया गया था, मगर यह सीसी निर्माण पूरी तरह से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया. अभी निर्माण को 4 महीने भी नहीं बीते लेकिन सीसी रोड में लंबी-लंबी दरें पड़ गई जिसमें जीव जंतु घुसकर बैठ रहे हैं. साथ ही सीसी रोड में से गिट्टी झांकने लगी है जो कि इस बात का प्रमाण है कि ठेकेदार के द्वारा रोड निर्माण में सीमेंट बहुत ही कम मात्रा में लगाई गई है और रोड बनाने के पूर्व जमीन पर बिल्कुल भी रोलर नहीं चलाया गया है. नगर पंचायत के एस्टीमेट में रोड कुछ और था लेकिन बनाया कुछ और गया. स्थानीय निवासियों ने इस बात को लेकर काफी रोष है की बड़ी मुश्किल से तो हमारे इधर रोड बना था लेकिन यह भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया. रहवासियों ने बताया कि बारिश के समय में जब जमीन बिल्कुल पिचक रही थी उसी पर जैसे तैसे कीचड़ में ही मटेरियल डाल दिया गया. उस समय ना तो नगर पंचायत सीएमओ और ना ही नगर पंचायत के इंजीनियर ने ही कोई ध्यान दिया, जिससे सीसी निर्माण बेहद ही घटिया होकर पूरी तरह से उखड़ने लगा है, अगर समय से पूर्व ही सीसी रोड की रिपेयरिंग नहीं की जाती है तो साल भर पूरा होने के पहले ही यह पूरी तरह से खराब हो जाएगा. स्थानीय निवासियों ने सीसी रोड को रिपेयरिंग करने की मांग की है.

### कांकरिया मीणा ने जीता फाइनल

**पीलूखेड़ी 15 फरवरी, सं.** 26 जनवरी से चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल काकरिया मीणा की टीम ने चारनाल पीलू खेड़ी सीहोर से जीता. इस टूर्नामेंट में 16 टीमों ने भाग लिया और 115मैच कराए गए जिसमें हजारों की तादाद में खेल प्रेमियों ने दर्शक के रूप में भाग लिया. फाइनल में मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री श्रीमती ममता दीदी, पूर्व जिला महामंत्री कैलाश राज कुरावर नायब तहसीलदार सुश्री सुनीता कुमारी, नगर परिषद अध्यक्ष कुरावर प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी, मोती सिंह चौहान, कमल बाबा, ग्राम पंचायत पीलूखेड़ी सरपंच भोला सिंह राणावत पूर्व सरपंच भगवान सिंह चौहान, आजाद सिंह जाट, नारायण सिंह पाल, पटवारी मनोज शर्मा, रोजगार सहायक अजय जाट, हाफिज इनायतुल्लाह, जलाल खान, आरिफ खान अब्दुल लईक खान, दानिश पठान आदि का स्वागत आयोजन समिति मुन्ना मेव, नईम खान रहीम खान, इमरान खान, आकिब खान, असलम खान, फरहान खान, शाहरुख खान, फारुख खान आदि के द्वारा किया गया.